राजस्थान सरकार
निदेशालय कोष एवं लेखा
*वित्तभवन, "ए" ब्लॉक, जनपथ, जयपुर-302005*
( दूरभाष 0141-2740837, फैक्स 0141-2742309, ईमेल jacct.dta@rajasthan.gov.in )

**क्रमांक**:-प.(ई)निप / (लिंक नंबर–33363\2013) / अलेसे–III / 1257     दिनांकः– 19-10-2022

## कार्यालय आदेश

विभागीय आदेश संख्या 277 / 2018–19 दिनांक 21.12.2018 के द्वारा श्री विमल सिंह गुर्जर, (मेरिट संख्या–370 / 2013, लिंक नबंर– 33363) को कनिष्ठ लेखाकार के पद पर नियुक्ति देते हुए कार्यालय कोषाधिकारी सवाईमाधोपुर मे पदस्थापन किया गया था। उक्त आदेश की अनुपालना में श्री विमल सिंह गुर्जर द्वारा दिनांक 24.12.2018 को मध्यान्ह पूर्व कार्यग्रहण किया गया था।

श्री गुर्जर, कनिष्ठ लेखाकार का राजस्थान कापरेटिव डेयरी फेडरेशन के अन्तर्गत अलवर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड जिला अलवर में सहायक प्रबंधक (प्लान्ट) पद पर अंतिम परिणाम में चयन होने पर विभागीय आदेश संख्या 586 / 2022–23 दिनांक 05.05.2022 के अनुसरण में कोषधिकारी सवाईमाधोपुर के आदेश क्रमांक– स्था. / 2022 / 92–96 दिनांक 06.05.2022 के द्वारा श्री गुर्जर को कार्यालय प्रवन्धक सचांलक, अलवर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, जिला अलवर में सहायक प्रबन्धक (संयंत्र) के पद पर कार्यग्रहण करने हेतु कनिष्ठ लेखाकार के पद पर पदाधिकार रखते हुए नियमानुसार श्री गुर्जर को कार्यमुक्त किया गया था।

श्री विमल सिंह गुर्जर ने प्रार्थना पत्र दिनांक 07.10.2022 (विभाग में प्राप्ति दिनांक 10.10. 2022) प्रस्तुत करते हुए पुनः इस विभाग में कनिष्ठ लेखाकार के पद पर कार्यग्रहण कराने बाबत निवेदन किया है। श्री गुर्जर के उक्त पत्र के साथ संलग्न प्रबन्ध संचालक अलवर जिला उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड अलवर के कार्यालय आदेश कमांक 61174–201 सपठित सशोंधित आदेश कमांक 62927–56 दिनांक 07.10.2022 द्वारा श्री गुर्जर को निदेशक कोष एवं लेखा राज. जयपुर में कार्यग्रहण करने हेतु कार्यमुक्त किया जा चुका है। प्रबन्धक संचालक, अलवर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि., अलवर के प्रमाण पत्र कमांक– 63559–62 दिनांक 11.10.2022 के अनुसार श्री गुर्जर के विरूद्व विभाग में कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही तथा जांच लम्बित या प्रस्तावित नहीं है।

अतः श्री गुर्जर को उनके प्रार्थना पत्र एवं प्रबन्धक संचालक, अलवर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि., अलवर के उपरोक्त आदेश / प्रमाण–पत्र के आधार पर पुनः कनिष्ठ लेखाकार के पद पर कार्यालय कोषधिकारी सवाईमाधोपुर में कार्यग्रहण करने की स्वीकृति एतद्द्वारा प्रदान की जाती है।

(भूपेश माथुर)
निदेशक एवं पदेन
सयुंक्त शासन सचिव

**क्रमांक**:-प.(ई)निप / (लिंक नंबर–33363\2013) / अलेसे–III / 1257     दिनांकः– 19-10-2022

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. प्रबन्धक संचालक, अलवर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि., अलवर।
3. कोषाधिकारी सवाईमाधोपुर ।
4. निजी सचिव, निदेशक।
5. श्री विमल सिंह गुर्जर, कनि. लेखाकार।
6. उपनिदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
7. पदस्थापन सीट / निजी / रक्षित पत्रावली।

(के.जी. गुप्ता)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–III / II)

2022 /LETTER 28/ rakesh ji